**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**29 जून 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा - भारत स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक हर क्षेत्र में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।**
2. **आकाशवाणी से ' मन की बात ' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने आपातकाल का ज़िक्र करते हुए कहा कि भारत की जनता ने लोकतंत्र के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं किया।**
3. **श्री मोदी ने कहा - कैलाश मानसरोवर, अमरनाथ और जगन्नाथ रथ यात्रा जैसी यात्राऐं ' एक भारत - श्रेष्ठ भारत ' के भाव का प्रतिबिम्ब हैं।**
4. **भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने गुरुग्राम में ' मन की बात ' कार्यक्रम सुना और एक पेड़ माँ के नाम ' अभियान के तहत पौधरोपण किया।**
5. **खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि ' मन की बात ' कार्यक्रम से युवाओं को प्रेरणा मिलती है।**

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ रहा है।

आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की उस रिपोर्ट का उल्लेख किया जिसमें कहा गया है कि देश की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को कोई न कोई सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक हासिल की गई उपलब्धियों से देश में सामाजिक न्याय मजबूत हुआ है।

उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्राकोमा से मुक्त घोषित किया गया है।

श्री मोदी ने कहा –

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उन लाखों स्वास्थ्य कर्मियों के अथक प्रयासों का फल है जिन्होंने इस बीमारी से लड़ाई लड़ी।

श्री मोदी ने कहा कि इन सफलताओं ने यह विश्वास जगाया है कि आने वाला समय और बेहतर होगा जिससे भारत हर कदम पर और सशक्त होगा।

आपातकाल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान कई लोगों को कठोर यातनाएं दी गई।

उन्होंने कहा कि यह भारत की जनता का सामर्थ्य है कि वह झुकी नहीं, टूटी नहीं और लोकतंत्र के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं किया।

श्री मोदी ने कहा कि हमें उन सभी लोगों का श्रद्धापूर्वक स्मरण करना चाहिए जिन्होंने आपातकाल का डटकर मुकाबला किया। प्रधानमंत्री ने कहा---

इस महीने की 21 तारीख को मनाए गए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में श्री मोदी ने कहा कि दुनियाभर के करोड़ों लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा –

श्री मोदी ने लोगों को एक बार मोटापा पर विजय और फिट्नेस का मंत्र भी दिया।

श्री मोदी ने कैलास मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथा यात्रा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक ये यात्राएं एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिम्ब हैं। उन्होंने कहा कि ये धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसरों का एक महा अनुष्ठान भी होती हैं।

इस महीने के शुरू में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस के संदर्भ में श्री श्री मोदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देश में करोड़ों पेड़ लगाए जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में अंतरिक्ष में गए अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ एक्सियम-4 मिशन का जिक्र भी किया।

श्री मोदी ने खादी और हस्तशिल्प का उल्लेख करते हुए वोकल फॉर लोकल का भी आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा कि जिस तरह भारत क्षेत्रीय, भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के लिए जाना जाता है उसी तरह कला, शिल्प और कौशल की विविधता भी हमारे देश की एक

बड़ी खूबी है। उन्होंने कहा कि यदि ग्राहक देश में ही बने उत्पाद खरीदें और व्यापारी भारत में बने उत्पादों को बेचें तो आत्मनिर्भर अभियान को नई ऊर्जा मिलेगी।

*****************************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय "मन की बात" कार्यक्रम को गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा के बूथ र लोगों के साथ सुना। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी नेताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभान्वित पात्र नागरिकों को आयुष्मान कार्ड लाभ पत्र भी वितरित किए।

कार्यक्रम के बाद श्री जेपी नड्डा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि पीएम मोदी जन-जन को एक सूत्र में पिरोने और 'विकसित भारत निर्माण' के लिए मन की बात कार्यक्रम के जरिए संवाद करके लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

*********************************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम में देशहित में योगदान देने वाले नागरिकों के अनुभवों को साझा करते हैं जिससे आमजन को प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में बढ़ - चढ़कर भाग लें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम के ज़रिये उज्ज्वल भारत के भविष्य की झलक लोगों के सामने प्रस्तुत करते हैं।

******************************************************************************************

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैसला, पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कार्यक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा –

उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को सुनने से युवाओं को प्रेरणा मिलती है।

*****************************************************************************************

कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र की कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जनभावनाओं का प्रतिबिंब बन चुका है। सांसद ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों से कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा व्यक्त विचारों को अपना कर देश के विकास में योगदान दें। तभी 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न साकार हो सकता है।

*******************************************************************************************

हरियाणा में पहली से 31 जुलाई तक एनीमिया मुक्त भारत मास मनाया जाएगा। भिवानी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर शांडिल्य ने कहा कि एनीमिया मुक्त भारत मास मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में खून की कमी को कम करना है। उन्होंने कहा कि पूरा माह एनीमिया को लेकर  विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को  लक्ष्य दिया गया है।

*******************************************************************************************